प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय दुतावास बगदाद में विश्व हिंदी-दिवस का आयोजन

भारतीय दूतावास, बगदाद द्वारा भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर आयोज्यमान आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बगदाद में विश्व हिंदी दिवस समारोह 12 जनवरी, 2023 को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

2. विश्व हिंदी-दिवस समारोह में भारतीय प्रवासी नागरिकों, अप्रवासी भारतीयों तथा भारतीय मूल के नागरिकों के साथ-साथ इराकी नागरिको ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया। समारोह में बगदाद के साथ-साथ इराक के नजफ एवं कर्बला जैसे पवित्र शहरों से भी हिंदी प्रेमियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दुतावास द्वारा हिंदी निबंध लेखन, कविता पाठ, हिंदी लघु नाटिका प्रदर्शन एवं पोस्टर व श्लोगन लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किये गए।

3. विश्व हिंदी-दिवस समारोह के शुभ अवसर पर इराक में भारत के राजदूत ने सभी हिंदी प्रेमियों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित की तथा हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया की हिंदी भारत की सबसे अधिक बोली व समझी जाने वाली भाषा है साथ ही विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली पाँच भाषाओं में से एक है। हिंदी एक उन्नत, समृद्ध एवं वैज्ञानीक भाषा है अतएव भारतीय संविधान सभा द्वारा 14 सितम्बर 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए हिन्दी को प्रचारित प्रसारित, और स्थापित करने में अपना यथासम्भव योगदान देने का आह्वान भी किया। उन्होंने हिंदी आधारित मोबाईल एप, कंप्यूटर एप्लीकेशन, वेब पेज आदि आधुनिक तकनीकों को अपनाने एवं इन तकनीकों द्वारा हिंदी सीखने पर जोर दिया। उन्होंने हिंदी फिल्मों द्वारा इराकी युवाओं के हिंदी सीखने के प्रयासों को भी सराहा।

4 इस अवसर पर एक अप्रवासी भारतीय द्वारा हिंदी गीत प्रस्तुत किया गया, जिसे श्रोताओं खूब सहारा। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जहाँ राजदूत ने हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया और इस अवसर पर राजदूत महोदय ने प्रधान मंत्री का विश्व हिंदी-दिवस समारोह पर संदेश का वाचन किया।

बगदाद
12 जनवरी 2023